तापमान

अधिकतम 46.7 डिग्री
न्यूनतम 31.1 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 जून 2024



11 जलघरों में तेजी से घट रहा पानी, एक समय सप्लाई .





12 एक जुलाई से नए कानून होंगे लागू: एसपी





SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

India's No. 1 SCHOOL

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

कक्षा 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले तथा 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए यदुवंशी शिक्षा निकेतन एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। सभी टॉप 10 बच्चों की हॉस्टल तथा ट्यूशन फीस जीरो होगी अर्थात् बिल्कुल फ्री !

Date of Test :

07 July 2024 (Sunday)

Test Centres:

YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN MAHENDERGARH, NARNAUL, GGN-92, HANSI, REWARI

SUPERB 100 IIT/NEET/CA/CLAT

Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

Register yourself for TEST

i CAN DO

TEST में भाग लें और पाएं नि:शुल्क शिक्षा

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

Free for Classes

| | | |
|---|---|---|
| Class 9th | Top 10 | 4 Years |
| Class 10th | Top 10 | 3 Years |
| Class 11th (Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 11th (Non-Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th (Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 12th (Non-Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 11th CA Foundation | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th CA Foundation | Top 10 | 1 Year |

for 12th pass out Students (Direct Entry who secored 80% and above Marks in Board Exams.

- NO Hostel Fee, NO School Fee
- 100% Free
- For 12th Above Passout students admission in under graduate courses also available FREE at degree College Yaduvanshi Mahendergarh & Narnaul.

*Separate paper for Medical/Non Medical/Commerce students.

EXAM DURATION:
10:00 am. to 11:30 pm.

Exam Pattern:
MCQ 90 from concern Subject (English Medium Only)

*T & C Apply

HOSTEL FACILITY AT MAHENDERGARH CAMPUS.

For Registration 9th to 12th and Droppers scan the QR Code or Call at 9053002451 | 9887407365 | 70153 17700

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES

यदुवंशी कॉलेज

हर बार यदुवंशी सबसे आगे

CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

SHIVANI B.Sc. (H) Physics | ANKITA B.Sc. (H) Zoology | SUPRIYA B.Sc. (H) Zoology | ASHA B.A. | LOKESH B.P.Ed. | EKTA B.Sc. (H) Math | KALPANA M.Sc. Physics

DIKSHIKA B.Sc. (H) Chemistry | PREETI B.Sc. (H) Math | SUDHA B.Com. (H) | DEEPIKA M.Sc. Geography | KALPANA M.Sc. Chemistry | DEEPIKA M.A. Pol. Sci. | PHOGAT UJJWAL M.A. English

1st Position in University

79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

तोड़े सारे रिकॉर्ड

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह 98.60 %

भारती पुत्री श्री शिव कुमार 98.40%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

- B.Sc. (HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
- B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
- B.A., B.A. (HONS) ENGLISH, BBA, BCA
- M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
- M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
- M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
- B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
- M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam: IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE

M.Tech Polytech. ITI

CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP

| FOR UG COURSES | | FOR PG COURSES | |
|---|---|---|---|
| 10+2% | SCHOLARSHIP | GRADUATION% | SCHOLARSHIP |
| 95% & Above | 50% | 90% & Above | 40% |
| 90.1 to 94.9% | 45% | 85.1 to 89.9% | 35% |
| 85.1 to 90% | 40% | 75.1 to 85% | 30% |
| 80.1 to 85% | 30% | 55 to 75% | 20% |
| 75.1 to 80% | 20% | Scholarship applicable for 3 years. (UG/PG) | |
| 60% to 75% | 20% | | |
| Single Scholarship will be applicable only. | | | |
| Fatherless/Real Brother-Sister for UG & PG | | | 20% |

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

- 10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (VI Sem.)
- 10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (V Sem.)
- 09/10 B.Sc. (Hons) Zoology (III Sem.)
- 05/10 M.Sc. Chemistry (I Sem.)
- 05/10 B.A. (I Sem.)
- 05/10 B.Sc. (Hons) Zoology (I Sem.)
- 06/10 B.Sc. (Hons) Maths (I Sem.)
- 05/10 B.Sc. (Hons) Chemistry (V Sem.)
- 05/10 B.Com. (Hons) (V Sem.)

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | 6th | 7th | 8th | 9th | 10th | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Rewari Road, Narnaul 8607052323 | 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Mahendergarh 8607062323 | 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE Thanwas, N. Chaudhary 8607052424

TECHNICAL COLLEGES Narnaul - 8607052323 Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES Narnaul - 8222852523, Sohali - 9991904068, Dhani Mahu - 8949371674, M.Garh - 7056720275, Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप



रोहतक। अमित बंसल को जिला सचिव और जिला कार्यालय इंचार्ज नियुक्त पर स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका व अन्य।

### अमित बंसल बने भाजपा के जिला सचिव

**रोहतक।** भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने अमित बंसल को जिला सचिव और जिला कार्यालय इंचार्ज नियुक्त किया। अमित बंसल ने नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका, पूर्व विधायक का सरिता नारायण, जिला महामंत्री बहन आशा शर्मा, जिला महामंत्री सुखबीर सिंह चंदोलिया, पूर्व जिला महामंत्री एवं पूर्व पार्षद सुरेश किराड़, जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा, वरिष्ठ नेता अधिवक्ता वजीर खोखर, सोशल मीडिया सह प्रभारी अंकित शर्मा, वरिष्ठ नेता संजय बल्हारा और रोशन मायना उपस्थित रहे।

### पीएम आज जारी करेंगे किसान निधि सम्मान

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन से सायं 4:30 बजे डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। डीसी ने कहा कि जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इससमें लगभग 300 किसान भाग लेंगे। वाराणसी से किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण शाम 4:30 से 7 बजे तक देखा जा सकता है।

### बेरोजगारों को गुमराह कर रही सरकार : जोगेंद्र

**महम।** वन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के ब्यान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वन कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य के नेता जोगेंद्र करौंथा ने कहा कि वन विभाग में वन मित्र का कोई पद स्वीकृत नहीं है। जब पद ही स्वीकृत नहीं है तो भर्ती करने का प्रचार किस आधार पर किया जा रहा है। करौंथा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम को भी प्रचार मात्र बताया। उन्होंने कहा कि सरकार बेरोजगारों को गुमराह कर रही है।

### डायलेसिस के लिए करना पड़ता था लंबा इंतजार

# संस्था की पहल, पीजीआईएमएस को दो मशीनें दी, मरीजों को राहत

- रीजनल ट्रांसप्लांट सेंटर और लाला श्याम लाल बिल्डिंग के डायलिसिस केंद्र में लगाई मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआई में डायलेसिस के लिए आने वाले मरीजों को अब लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। संस्थान में दो और नई आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। एक मशीन रीजलन रीजनल ट्रांसप्लांट सेंटर और दूसरी लाला श्याम लाल बिल्डिंग के डायलिसिस सेंटर में लगाई गई है। 38 लाख रुपये की ये दोनों मशीन और आरओ प्लांट रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर ने लगवाए हैं। इससे बड़ा फायदा डायलेसिस करवाने वाले मरीजों को होगा, क्योंकि पीजीआई में डायलेसिस मशीनों की कमी बनी हुइ थी और मरीजों को डायलेसिस करवाना होता था तो लंबा इतजार करना पड़ता था। इसके चलते मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में महंगें दामों पर डायलेसिस करवाना पड़ता था। इन मशीनों को चालू कर दिया है और श्याम लाल भवन में कार्यक्रम भी किया गया। पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसएस लोचब, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, ड्रिस्टीक गर्वनर जितेन्द्र गुप्ता, क्लब प्रधान राजीव बेरीवाल, सचिव संजय पारिख, प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश जैन, जोनल चेयर डॉ. चन्द्र गर्ग ने डायलेसिस मशीन और आरओ प्लांट का शुभारम्भ किया। ये आधुनिक मशीनें पीजीआई में उपलब्ध करवाने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि पीजीआई में हजारों लोग इलाज के लिए आते हैं और इसी उद्देश्य के साथ यह मशीने यहां लगाई गई हैं, ताकि लोगों समय पर सस्ता इलाज उपब्लध हो सके।



रोहतक। पीजीआई में डायलेसिस मशीन और आरओ प्लांट का शुभारंभ करते पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसएस लोचब, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, ड्रिस्टीक गर्वनर जितेन्द्र गुप्ता व क्लब प्रधान राजीव बेरीवाल।

#### नि:शुल्क रहेगी सेवा

डायलेसिस व आरओ प्लांट लगाने पर रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर के पदाधिकारियों का आभार। इन आधुनिक डायलेसिस मशीनों की लंबे समय से डिमांड थी, जिसे अब क्लब ने पहल करते हुए पूरा किया है। क्लब द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। संस्था ने जो मशीनें दी हैं उन पर मरीज का डायलेसिस निशुल्क ही किया जाएगा।
**डॉ. एसएस लोहचब**, डायरेक्टर, पीजीआईएमएस, रोहतक।

#### बैठक में लिया था निर्णय

पीजीआई में डायलेसिस मशीन कम थी, समस्या के समाधान के लिए क्लब पदाधिकारियों की बैठक हुई थी, जिसमें पीजीआईएमएस में डायलेसिस मशीन व आरओ प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया। पीजीआई प्रबंधन द्वारा क्लब पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विनोद जैन, अनिल बंसल, विजय तायल, प्रदीप, मनीष गोयल, रमेश रोहिल्ला, दिनेश तायल, राजीव जैन, सुरेन्द्र बंसल, दीपक जिंदल, सीएम सुशील जैन, दीपक गुप्ता, पवन तायल, विनोद गोयल, राजेन्द्र बंसल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप, ईश्वर सिंगल, विकास कंसल, महेन्द्र अग्रवाल, गौतम जैन, विजय गर्ग, सुरेन्द्र बली का सहयोग रहा।
**राजीव बेरीवाल**, प्रधान, रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर।

# डूम समाज कल्याण सभा चलाएगी पौधरोपण अभियान



रोहतक। बैठक के दौरान डूम समाज कल्याण सभा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डूम समाज कल्याण सभा जुलाई माह में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाने जा रही है। यही नहीं एनीमिया मुक्त अभियान से लेकर आमजन के लिए अन्य जागरूकता अभियानों पर भी चर्चा की गई है। शहर के एक निजी होटल में सभा के प्रधान सुनील गगसीना की अध्यक्षता में हुई, इसमें यह निर्णय लिया गया।

प्रधान सुनील गगसीना ने कहा कि वार्षिक में सालाना लेखा-जोखा से लेकर एक साल के अंदर हुए सामाजिक कार्यों की समीक्षा भी की जाती है। सभी पदाधिकारियो के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। समाज हित के लिए हुए विचार विमर्शों पर भी मुहर लगाते हुए जल्द उन पर काम शुरू किया जाएगा।

#### एनीमिया मुक्त अभियान से लेकर आमजन के लिए अन्य जागरूकता अभियानों पर भी चर्चा

सचिव कर्मवीर गौतम ने कहा कि सभा कोरोना काल से लेकर अब तक गरीब लोगों की पढ़ाई से लेकर मरीज के इलाज का खर्च भी वहन करती है। सभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार पर काम करना है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अनिल नांगल, प्रवक्ता बंसीलाल, महालेखाकार राजकुमार, विनोद, अमरजीत, सुरेंद्र शाहपुर, डॉ. मनीष, इकबाल बलि, मुकेश, रवि बवाना और नसीब लाखनमाजरा समेत मौजूद रहे।

# निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

निर्जला एकादशी पर आरडब्ल्यूए सुभाष नगर के कार्यालय के पास ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान सेवादारों ने सफाई व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा। साथ ही सभी को पेड़ लगाने का महत्व भी बताया गया। उन्होंने कहा कि सभी ने वर्षा ऋतु में पौधरोपण ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। इस मौके पर प्रवीन सहगल, गौरव अनुरोध शर्मा, प्रदीप सहगल, सुरेन्द्र सहगल, अनिल अरोड़ा, लवली सोनी, उषा सहगल, सुन्दर जेटली, प्रेम सहगल, सुमीत गिरधर, पारस, कमल दुरेजा, पवन वधवा, संदीप चुघ आदि मौजूद रहे।

# तपस्या से व्यक्तित्व में आता है निखार : ओमप्रकाश आर्य

- आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन पर किया हवन-यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तपस्या से व्यक्तित्व में निखार आता है। शारीरिक शक्ति और मानसिक शक्ति सफलता की कुंजी है। ये विचार आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में शिविर अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शिविर में जूडो कराटे, लाठी, भाला, सूर्य नमस्कार, व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बौद्धिक प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन वैदिक विद्वानों के प्रवचन आयोजित किये जायेंगे, जो विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे। इससे पूर्व आचार्य शक्तिदेव ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। संरक्षक देसराज आर्य ने आर्य वीर दल के उद्देश्य बताये। शिविर उपाध्यक्ष आचार्य शक्तिदेव ने शिविरार्थी बालकों को मनोयोग से प्रशिक्षण ग्रहण करने की प्रेरणा दी। संजीव सचदेवा ने बताया कि इस शिविर से बालकों के जीवन में बदलाव आएगा। आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति आश्रम में चल रहे इस शिविर का समापन 23 जून को होगा। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि जगदीश आहूजा ने किया। इस अवसर पर आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष यशपाल भाटिया, रामवीर शास्त्री, पवनजीत रोहिल्ला, सतीश आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।



**मार्केट न्यूज**

### लोहचब मोटर ने महिंद्रा एक्सयूवी का 700 एएक्स5 सेलेक्ट वेरिएंट लॉन्च किया



**रोहतक।** दिल्ली बाईपास स्थित लोहचब मोटर कंपनी ने सोमवार को अपने दिल्ली बाईपास शोरूम में महिंद्रा एक्सयूवी 700 एएक्स 5 सेलेक्ट वेरिएंट को लॉन्च किया। सेल्स मैनेजर विकास चहल ने बताया कि महिंद्रा के इस वाहन की कीमत 16.89 लाख है। एएक्स 5 सेलेक्ट (एएक्स 5 एस) वेरिएंट को सुलभ लक्जरी के साथ पेश किया गया है, जिसमें स्काईरूफ, डुअल 26.03 सेमी एचडी सुपरस्क्रीन, पुश-बटन स्टार्ट, एड्रेनोक्स के साथ 75 प्लस कनेक्टेड फीचर्स, एलेक्सा बिल्ट-इन और अधिक जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह 7-सीटर लेआउट के साथ इस मूल्य श्रेणी में उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि एएक्स 5 सेलेक्ट वेरिएंट को उजागर करने के लिए एक नया अभियान शुरू किया गया है, फास्ट फॉरवर्ड टू द बिग लीग, जो एएक्स 5 सेलेक्ट द्वारा प्रदान किए गए मूल्य और सुविधाओं में महत्वपूर्ण उन्नति को दर्शाता है। यह उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो अपने बजट को बिना बढ़ाए एक लक्जरी वाहन का स्वामित्व करना चाहते हैं। इस अवसर पर गणमान्य लोगों के साथ लोहचब मोटर कंपनी का स्टाफ मौजूद रहा।

# मालगोदाम रोड की समस्या का हल नहीं हुआ तो निगम का घेराव करेंगे व्यापारी

- शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गुलशन ईशपुनियानी

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय और भूपेंद्र हुड्डा बनेंगे मुख्यमंत्री

शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलशन ईशपुनियानी ने शहर में उखड़ी पड़ी सड़कों और विकास कार्य नहीं होने पर भाजपा को घेरा। यहां जारी एक बयान में गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि मालगोदाम रोड की हालत बदतर हो गई है। द
ुकानदारों ने कई दिनों तक धरना प्रदर्शन किया, अधिकारियों ने दौरा किया, आश्वासन भी दिया लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। व्यापारी वर्ग सरकार से खासा नाराज है और भाजपा को कोस रहा है। गुलशन ईशपुनियानी ने चेतावनी दी है कि माल गोदाम रोड की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। हम व्यापारियों के साथ हैं और सुनवाई नहीं होने पर सभी के साथ मिलकर नगर निगम का घेराव करेंगे। गुलशन ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा मालगोदाम रोड के दुकानदार भुगत रहे हैं। माल गोदाम रोड और दुकानदारों की बदहाली का जिम्मेदार कौन है।

#### पेयजल को लेकर सड़क पर आमजन

गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को पानी तक नहीं दे पा रही। पेयजल को लेकर हर रोज शहर में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सरकार से विकास कार्यों की उम्मीद करना ही बेकार है।

सरकार और प्रशासन के रवैए से जनता तंग आ चुकी है और भाजपा से छुटकारा चाहती है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय है और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के मुख्यमंत्री होंगे।

# निर्माण शिविर में युवाओं ने बुराइयों से दूर रहने का लिया संकल्प

- 50 हजार युवाओं को दी जाएगी आर्य समाज की प्राथमिक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। टिटोली गांव में स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में युवाओं को सम्बोधित करते स्वामी आर्यवेश तथा शोभायात्रा निकालते युवक।

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद् हरियाणा व युवा निर्माण अभियान के तहत गत 13 जून से स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में चल रहे प्रांतीय युवा निर्माण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में युवाओं का सामूहिक संकल्प करवाया गया। स्वामी आर्यवेश ने युवाओं को बुराइयों से दूर रहने व सामाजिक समस्याओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलवाई। स्वामी इंद्रवेश की स्मृति में आयोजित शिविर में सभी युवाओं ने बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। यज्ञ का ब्रह्मत्व सहसरपाल आर्य ने किया। स्वामी आर्यवेश ने बताया कि वेदों के आधार पर सोलह संस्कारों का विधान है। जिनमें यज्ञोपवित संस्कार सबसे महत्वपूर्ण है। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि दिसम्बर तक पचास हजार युवाओं को आर्य समाज की मान्यताओं की प्राथमिक जानकारियां शिविरों के माध्यम से दी जाएंगी। प्रांतीय आर्य युवा निर्माण शिविर के मार्गदर्शक व आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने बताया कि शिविर में यह निर्णय लिया गया कि दिसम्बर तक पूरे हरियाणा में 100 युवा निर्माण व योग शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 19 दिसंबर रामप्रसाद बिस्मिल बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें इन शिविरों में शामिल युवाओं को संकल्प दिलवाया जायेगा। बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने कहा कि यह शिविर का समापन नहीं बल्कि इसको व्यवहारिक जीवन में अपनाने की शुरुआत कहेंगे। आपने अब तक जो सीखा है उसको अब घर जाने के बाद भी निरंतर जारी रखना। प्रातः काल टिटोली गांव में कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, अश्लीलता तथा पाखंड के विरुद्ध शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद भव्य व्यायाम प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें जुडो, कराटे, लाठी, आसान आदि दिखाए गए। इस अवसर पर सहसंसर पाल आर्य, सज्जन राठी, ऋषि राज शास्त्री, प्रदीप कुमार, जयपाल आर्य, होशियार सिंह, अशोक आर्य, हरपाल आर्य, डॉ. विवेकानंद आर्य, सोनू आर्य, रामबीर आर्य, जगफुल ढिल्लों, ऋषिपाल आर्य, सत्यवान कौशिक, रजनेश कुण्डू, अशोक जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

### जैड ग्लोबल स्कूल के सभागार में नाटक का मंचन

# 'ठेके पर मुशायरा' देखकर दर्शक हुए लोटपोट

- उम्दा शायरी से रूबरू होने का भी दर्शकों को मौका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सप्तक सांस्कृतिक संस्था द्वारा पठानिया वर्ल्ड कैम्पस के सहयोग से आयोजित घरफूंक थियेटर सीरीज में इस बार उर्दू-हिंदी के शायर और नाटककार इरशाद खान सिकंदर के नाटक 'ठेके पर मुशायरा' का सफल मंचन किया गया।

स्थानीय ओमेक्स सिटी स्थित जैड ग्लोबल स्कूल के सभागार में हुई साइक्लोरमा दिल्ली की प्रस्तुति 'ठेके पर मुशायरा' में दर्शकों को न केवल हास्य नाटक का आनंद प्राप्त हुआ, बल्कि उम्दा शायरी से रूबरू होने का मौका भी मिला, जिसे उनकी भरपूर सराहना मिली। बता दें कि इरशाद खान सिकंदर उर्दू के मशहूर शायर जॉन एलिया के जीवन पर भी जॉन एलिया का जिन्न' नाटक लिख चुके हैं, जिसे कुछ माह पहले मशहूर निर्देशक रंजीत कपूर ने निर्देशित किया था।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

#### ये हुआ नाटक का मंचन

दिलीप गुप्ता द्वारा निर्देशित 'ठेके पर मुशायरा' कुछ शायरों और शायरी प्रेमियों की कहानी है। इसके कुछ चरित्र उर्दू के शायर हैं। एक हैं कमान लखनवी जिनको शायरी की दुनिया में शोहरत और मुकाम हासिल है पर इसके बावजूद माली हालत बहुत ख़राब है। वे महीनों से घर का किराया नहीं दे पा रहे हैं। वे किसी तरह मकान मालिक से बचने की कोशिश करते हैं। जो दूसरे चरित्र हैं उनके अंदाज भी अजीब हैं। एक शायरा है मैना सहगल (यशस्विनी बोस) जो उस्ताद कायम लखनवी की शायरी खरीद कर अपने नाम से मुशायरों में सुनाती है और वाहवाही लूटती हैं। वैसे उस्ताद में भी एक और तरह की उस्तादी है। वे एक गजल को कई शायराओं को बेच देते हैं और वे शायराएं आपस में झगड़ती रहती हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणवी फिल्मों के एक्टर-डायरेक्टर हरिओम कौशिक, सप्तक के अध्यक्ष विश्वदीपक त्रिखा, संजय राठी, डॉ. कृष्णा चौधरी, डॉक्टर हरीश वशिष्ठ, डॉ. विजेंद्र वशिष्ठ, कपिल भारद्वाज, नरेंद्र शर्मा, सुभाष नगाड़ा, शक्ति सरोवर, अविनाश सैनी, मनीष खरे, कर्नल सिंह, जगदीप जुगनू, उर्वशी विराट, ज्योति वशिष्ठ, आर्यन बल्हारा, हर्ष सहित अनेक नाट्य प्रेमी उपस्थित थे।

### परने का सहारा..



रोहतक। चिलचिलाती गर्मी में धूप से बचने का प्रयास करते विद्यार्थी। फोटो : अनिल चहल

# हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद-उल-अजहा



**रोहतक।** जिले में ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की मस्जिदों में भीड़ रही। जींद रोड स्थित नूरानी मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अता की गई। नमाज के बाद सभी ने देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। इमाम मोहम्मद ने सभी को शांति व भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें समाज को एकजुट रखने का प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद शरीर की शुद्धि के साथ आत्मा की शुद्धि भी करती है। किला रोड स्थित लाल मस्जिद, चमेली मार्केट स्थित शीशे वाली मस्जिद सहित अन्य में सामूहिक रूप से नमाज अता की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। बच्चों ने भी एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारा दिखाया। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व शांति के पूरे प्रबंध किए गए।

तापमान
अधिकतम 46 .7 डिग्री
न्यूनतम 31.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार 18 जून 2024

12 बिहार-ओडिशा से आ रही नशे की खेप, दिल्ली और पंजाब से हो रही हेरोइन ...






## शहर में आज

- आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति आश्रम में आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर सुबह 6 बजे से
- नगर निगम कार्यालय में नपा कर्मचारी संघ की बैठक सुबह 10 बजे
- जाट शिक्षण संस्था के चुनाव को लेकर नाम वापस लेने की प्रक्रिया होगी
- परिवार पहचान पत्र की खामियों को ठीक करने के लिए लगाए जाएंगे कैंप
- इंदिरा कॉलोनी बूस्टर पर जनस्वास्थ्य विभाग के जेई लोगों की समस्याएं सुनेंगे
- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्ताओं की समस्या सुनी जाएगी सुबह 11 से 1.30 बजे तक
- रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाएगी
- डीसी और एसपी लोगों की समस्याएं सुनेंगे सुबह 9 से 11 बजे तक

## बिजली कट

- सुबह 5 से 10:30 तक गांव खिड़वाली, जिंदरान, घुसकानी, कठवाड़ा, सरकारी पॉलिटेक्निक, सांघी, जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी की बिजली प्रभावित रहेगी।

### 8 जून के बाद से नहरों में पानी नहीं आने से कई कॉलोनियों में पेयजल संकट

# जलघरों में तेजी से घट रहा पानी, एक समय सप्लाई से चलाना होगा काम

**25 जून के बाद आएगी नहर**

**आरओ वाटर संचालक कूट रहे चांदी, रेट बढ़ाए**

- जून माह शुरू होने के साथ ही पेयजल संकट बढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इन दिनों जहां सूर्य देवता दिनभर आग उगल रहे हैं वहीं बिजली और पानी ने लोगों को रूला रही है। न लोगों को पर्याप्त समय के लिए बिजली मिल रही है और न ही पानी मिल रहा है। जून माह शुरू होने के साथ ही संकट बढ़ गया है। 8 जून के बाद से नहरों में पानी नहीं है। स्टोर किए गए पानी को जलघरों तक पहुंचाया जा रहा है। जहां से शहर के अधिकतर एरिया में मुश्किल से एक ही समय पानी की सप्लाई हो पा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में जल संकट और बढ़ सकता है। लोगों को पानी मुहैया कराने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। वहीं माहौल को देखते हुए आरओ वाटर सप्लायर भी चांदी कूटने में लगे हुए हैं। दो दिन पहले ही एसडीएम आशीष कुमार ने जलघरों का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया था। दौरे के बाद उन्होंने बताया था कि जलघरों में 13 फुट तक पानी स्टोर है। नहर में अब 25 जून के बाद ही पानी आने की सम्भावना है।



रोहतक। माता दरवाजे के पास से पानी ले जाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### इन कॉलोनियों में जल संकट

शहर के एकता कॉलोनी, अम्बेड़कर नगर, कमला नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सलारा मोहल्ला, गोहाना अड्डा, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, तेज नगर, पाड़ा मोहल्ला, लाढ़ौत रोड, राजेंद्र नगर, कबीर कॉलोनी, रामगोपाल कॉलोनी, मॉडल टाउन, आर्य नगर, जनता कॉलोनी, काठमंडी आदि ऐसे एरिया हैं जहां कई बार एक समय भी पानी नहीं पहुंच पाता। कभी एक समय पानी आता है तो शाम को नहीं आता।

### 20 से 25 रुपये तक कैंपर का चार्ज

मई माह में ही पानी की किल्लत शुरू हो गई थी। इस दौरान आरओ वाटर कैंपर सप्लायर सक्रिय हो गए। पहले जहां दस से 12 रुपये में एक कैंपर पानी मिल जाता था वहीं अब 20 से 25 रुपये तक चार्ज किए जा रहे हैं। पानी की कमी और गर्मी को देखते हुए आरओ वाटर सप्लायर भी चांदी कूट रहे हैं। लेकिन उनके पानी की गुणवत्ता कैसी है, यह जांच करने की जरूरत है।

### बूस्टर से तीन दिन में एक बार मिलेगा पानी

एकता कॉलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी, अंबेडकर नगर में पानी की सप्लाई देने के लिए बूस्टर लगाया गया है। लेकिन काफी दिनों तक बूस्टर का पाइप लाइन तक कनेक्शन नहीं किया। इस दौरान इसका उदघाटन भी कर दिया गया। लोगों ने विरोध जताते हुए आवाज उठाई। समाजसेवी जसबीर ने बताया कि उन्होंने पूर्व पार्षद सूरजमल के साथ मिलकर इस बारे में एसई, एक्सईएन को अवगत कराया। इसके बाद आश्वासन मिला है कि इस बूस्टर से तीन दिन में एक बार कॉलोनियों में पानी दिया जाएगा। क्योंकि विभाग के पास पर्याप्त पाइप नहीं है। इसलिए वह पाइप लाइन नहीं दबवा सकते।

### ताला लगाने के बाद सलारा मोहल्ला में पहुंचा पानी

**रोहतक।** सलारा मोहल्ला और आसपास की कॉलोनियों के लोगों ने रविवार को बूस्टर पर ताला जड़ दिया था। महिलाओं ने रोष जताते हुए आरोप लगाया था कि चार दिन से पानी नहीं आ रहा है। विभाग शिकायतों पर कार्यवाही नहीं कर रहा। बूस्टर में हर साल दिक्कत आती है। मोटर खराब होते ही पानी की सप्लाई थम जाती है। उन्होंने मोटर बदलने और दोनों समय सप्लाई देने की मांग की थी। उन्हें सोमवार को मामले को लेकर जिला उपायुक्त से मिलने के लिए आना था, लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग ने सुबह ही पानी की सप्लाई दे दी। जिसके बाद लोगों में रोष खत्म हुआ। हालांकि कई मुहल्लों के लोग अब भी परेशान हैं।

# एमडीयू ने पीजी डिप्लोमा इन हिंदू स्टडीज प्रारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत-पालि एवं प्राकृत विभाग में सत्र 2023-24 में पीजी डिप्लोमा इन हिंदू स्टडीज प्रारंभ किया गया था। इस सत्र से विभाग द्वारा इसको एमए हिंदू स्टडीज डिग्री में परिवर्तित किया गया है। इस नूतन पाठ्यक्रम का सृजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत किया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सैनी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में एडमिशन प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। पाठ्यक्रम में 30 सीटें उपलब्ध हैं। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण एमडीयू प्रवेश पोर्टल पर 25 जून तक होगा। डॉ. सैनी ने कहा कि किसी भी विषय में स्नातक कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र होंगे। डा. सुनीता सैनी ने कहा कि भविष्य में हिंदू स्टडीज विषय में शोध करने के लिए भी ये पाठ्यक्रम बेहतरीन नींव प्रदान करेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्कृत विभाग से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एमए हिंदू स्टडीज में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन, संस्कृत, वेद,रामायण, महाभारत एवं अन्य धर्मो से सामंजस्यपूर्ण संबंधों का विशिष्ट अध्ययन कराया जाएगा। विद्यार्थी नेट परीक्षा देने के बाद पीएचडी करने के पात्र हो जाएंगे।

## पद्म पुरस्कारों के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर की जाएगी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी प्रशासकीय सचिवों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को लिखे एक पत्र में निर्देश दिए हैं कि पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें 15 अगस्त तक भेजी जानी चाहिए। केवल ऑनलाइन भेजे गए नामांकनों पर विचार किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# डॉ. सुलक्षणा अहलावत अंतरराष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर हुई सम्मानित

***नेपाल में उप प्रधानमंत्री नारायण काजी तथा राज्यपाल दत्तात्रेय ने किया सम्मानित***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बहलंबा की बेटी एवं गांव अजायब की बहू शिक्षाविद, कवयित्री एवं समाज सेविका डॉ. सुलक्षणा अहलावत को त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल के उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ तथा सांसद डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने शिक्षा रत्न सम्मान 2024 देकर सम्मानित किया। डॉ. सुलक्षणा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह सम्मान हिंदी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू द्वारा दिया गया। डॉ. सुलक्षणा 2006 से शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में कार्यरत हैं। डॉ. सुलक्षणा वर्ष 2013 से मेवात में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए वो पहले भी अनेक मंचों से सम्मानित हो चुकी हैं। डॉ. सुलक्षणा कई पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं का सम्पादन कर चुकी हैं। नेपाल से



आते ही रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य स्तर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज तथा कैबीनेट मंत्री कुअंर संजय सिंह से सम्मान प्राप्त हुआ। उन्हें सम्मानित होने पर जिला पार्षद, ब्लॉक पार्षद, गांवों के सरपंचों तथा पूर्व सरपंचों सहित गांवों के मौजिज व्यक्तियों ने बधाई दी।

# अधिकारियों ने भैंसरू कलां के विकास कार्यों का लिया जायजा

- गीले व सुखे कचरे को अलग अलग किया जाता है एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी एवं एसबीएम ग्रामीण के उप सचिव रविंद्र कुमार एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने सोमवार को गांव भैंसरू कलां में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम के कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन के तहत गीले व सूख कचरे को अलग-अलग एकत्र किया जाता है, जिसमें प्लास्टिक और पॉलिथीन को अलग-अलग करके शेड में इकत्र किया जाता है तथा गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर बागवानी में इस्तेमाल किया जाता है। जिला रोहतक में हर महीने के पहले सप्ताह में एक दिन प्लास्टिक श्रमदान गतिविधियां की जाती हैं, जिनमें गांव के युवा, सरपंच, अधिकारी व कर्मचारी बढ़-चढ़चढ़ भाग लेते हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि तरल कचरा प्रबंधन के तहत गांव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से पांच तालाब प्रबंधन तक ले जाया जाता है। इस प्रबंधन के पांचवें तालाब पर चार ट्यूबवेल इंजन रखे हुए हैं, जिनमें 250 एकड़ जमीन में सिंचाई का कार्य किया जाता है तथा पास बने मंदिर एवं स्टेडियम में भी सिंचाई का कार्य इसी जल से किया जाता है। गांव के स्टेडियम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम द्वारा सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। स्टेडियम में खेलने वाले बच्चे एवं पास बने मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा इसका प्रयोग किया जाता है।



गांव भैंसरू कलां स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम के कार्यों का निरीक्षण करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी रविंद्र कुमार एवं महेश कुमार।

### करीब 70% घरों में किचन गार्डन बनाए गए

कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मल-जल कचरा प्रबंधन के तहत गांव के मल कचरे का शौचालयों के सेप्टी टैंक को खाली करके नजदीक की एसटीपी में निस्तारण किया जाता है। गांव के लगभग 70 प्रतिशत घरों में किचन गार्डन बनाए गए हैं, जिनमें घरों से निकलने वाला गीला कचरा प्रयोग किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### मकड़ौली मोड़: कार-ऑटो की टक्कर में कई घायल

**रोहतक।** मकड़ौली मोड़ के पास कार और ऑटो की टक्कर हो गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से पीजीआई में भर्ती करवाया गया। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में मंजू ने बतया कि वह गांव निलौठी जिला झज्जर की रहने वाली हूं और बच्चों की छुट्टी होने पर मैं अपने मायके बसंतपुर आई हुई हूं। मैं माता शीला के साथ ऑटो में रोहतक घर का सामान खरीदने के लिए जा रही थी। इस दौरान मकडौली मोड पर पहुंची तो पीछे से एक काले रंग की गाड़ी ने लापरवाही से चलाकर ऑटो में साइड से टक्कर मार दी। जिसके कारण ऑटो पलट गई और सवारियों को चोटें आईं।

### हुडा सिटी पार्क से बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** बस स्टैंड के पास हुडा सिटी पार्क के बाहर से बाइक चोरी होना का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में श्रीओम ने बताया कि वह सुभाष नगर का रहने वाला हूं और कई साल से रोहतक में ठेकेदारी का काम करता हूं। 16 जून को हुडा सिटी पार्क में अपने निजी काम से मोटरसाइकिल पर में गया था। इस दौरान बाइक को पार्क के बाहर खड़ी करके चला गया। जब मैं पार्क से बाहर आया तो बाइक गगयब मिली।

### लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने पर किया गया था निलंबित

# एमडीयू के 5 प्रोफेसर की सेवाएं बहाल पीजीआईएमएस के 9 कर्मी अभी भी सस्पेंड

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप गहलोत, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. सुरेंद्र सिंह तथा डॉ. महेश कुमार का निलंबन अब रद कर दिया गया। इन सभी पर आरोप थे कि इन्होंने लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन किया। निलंबन का आदेश अब रद करने से इन प्रोफेसर के विरोधी गुट में मायूसी छा गई है। इस विरोधी गुट ने बकायदा इन सभी शिक्षकों की शिकायत तीसरे चैनल के माध्यम से चुनाव आयोग को करवाई थी। इसके बाद ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इन्हें 23 मई को निलंबित किया था। विरोधी





खेमे की सोच थी कि ये कम से कम दो चार महीने तो सस्पेंड रहने ही चाहिए। लेकिन एमडीयू ने प्रशासन ने अपने इन शिक्षकों का निलंबन 25 दिन में ही रद कर दिया। एमडीयू ने अपने कर्मचारियों की सेवाओं को बहाल कर दिया। लेकिन पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने अपने नौ कर्मचारियों का निलंबन रद नहीं किया है। इन कर्मचारियों पर भी राजनीतिक गतिविधियां में भाग लेने के आरोप लगाकर निलंबित किया गया था। ध्यान रहे कि इन पांच के अलावा मडूटा के अध्यक्ष एसोसिएट प्रो. डॉ. विकास सिवाच, डॉ. संदीप मलिक, डॉ. राजेश, प्रो. सुरेश मलिक तथा प्रो. रणदीप राणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। शिक्षकों ने अपने निलंबन को गलत बताते हुए कहा था कि यूनिवर्सिटी का शिक्षक राजनीतिक गतिविधियों में भाग ले सकता है। शिक्षकों का निलंबन का कारण चुनावी ड्यूटी में लापरवाही बताया गया था। सूत्र बताते हैं कि जिन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, उन्होंने ही विश्वविद्यालय से कुछ सवाल कारण बताओ नोटिस को लेकर किए हैं। पीजीआईएमएस के सस्पेंड कर्मचारियों में रवि सांगवान, मुकेश, नरेश, कर्मवीर, हरीश, वजीर, अजय, खेमचंद सहित 9 शामिल हैं। शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच, जिन्हें भी पिछले दिनों विश्वविद्यालय की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन हमें ये बताए कि ये कहां लिखा है कि शिक्षक राजनीतिक गतिविधियां में भाग नहीं ले सकते। इन्होंने कहा कि जब शिक्षक को चुनाव लड़ने की एनओसी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की जा सकती है तो फिर वह राजनीतिक गतिविधियां में भाग क्यों नहीं ले सकता। डॉ. सिवाच ने कहा कि राजनीतिक दबाव की वजह से एमडीयू के शिक्षकों को निलंबित किया गया था। उन्होंने कहा कि निलंबित करने से पहले जांच करवाई जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। निलंबन के आदेश रद करने को लेकर पिछले दिनों महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र लिखा था।

# सांपला: गांवों में बिजली कट, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे व ग्रामीण इलाकों में भीषण गर्मी में बिजली के अघोषित कटों से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई। गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से लोग परेशान हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। गर्मी की शुरूआत होते ही बिजली की डिमांड बढ़ जाती है, बिजली आपूर्ति डिमांड अनुसार नहीं होने के कारण अघोषित कटों का लोगों को सामना करना पड़ता। सोमवार को एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में कई गांव में बार -बार बिजली गुल रही।

बिजली नहीं होने के कारण लोगों के कामों पर असर पड़ा। इसके कारण बच्चें और लोगों गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी। लोगों का कहना है कि तेज धूप ने सभी को परेशान किया हुआ है। साथ ही



बिजली परेशान कर रही है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली निगम के एसडीओ जोगिंदर सिंह मोर का कहना कि अधिक गर्मी के कारण कई बार लाइन में फाल्ट हो जाता है जिसकी वजह से कट लगते हैं।

## खबर संक्षेप



### समर स्पेशल पुडिंग्स बनाने का प्रशिक्षण दिया

**रोहतक।** मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड् टूरिज्म मैनजमेंट (आईएचटीएम) में आयोजित किए जा रहे कूलनरी स्किल्स हॉबी क्लासेज में सोमवार को समर स्पेशल पुडिंग्स बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कुलनरी स्किल्स विशेष सत्र में शेफ देविना ने प्रतिभागियों को आम से बनाए जाने वाली मैंगो पुडिंग बनाना सिखाया। शेफ देविना ने बताया कि ये डिश स्वास्थ्य उपयोगी है। इसमें आम के साथ-साथ पिस्टेचियो भी डाला जाता है। शेफ देविना ने बोर्नविटा कस्टर्ड पुडिंग बनाना भी सिखाया।



### मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रोहतक ।** मांगों को लेकर दक्षिण रेलवे के लोको रनिंग स्टाफ ने ड्यूटी के दौरान काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध प्रकट किया। कर्मचारियों ने कहा कि साइन ऑन से साइन ऑफ तक कुल ड्यूटी घंटे 10 घंटे होने चाहिए, सतत रात्रि ड्यूटी केवल 2 रातों तक सीमित की जाए, मुख्यालय से अनुपस्थिति 72 घंटे के बजाय अधिकतम 48 घंटे होनी चाहिए।



### आउटरिच गतिविधियों को लेकर चर्चा की

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय आउटरिच की गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा सामुदायिक एवं सामाजिक उत्थान की ओर आउटरिच को उन्मुख करने के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। कुलपति ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप, निदेशक यूनिवर्सटी आउटरिच प्रो. अंजु, परामर्शदाता आउटरिच प्रो. राजकुमार से यूनिवर्सटी आउटरिच बारे मंथन किया।

### शहर बनता जा रहा नशा तस्करी का केंद्र

# बिहार-ओडिशा से आ रही नशे की खेप, दिल्ली और पंजाब से हो रही हेरोइन की सप्लाई

नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

शहर नशा तस्करी का केंद्र बनता जा रहा है। पुलिस ने 16 मार्च से जून तक कई करोड़ रुपये व नशीला पदार्थ जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी राज्यों के साथ-साथ बिहार-ओडिशा से नशे की खेप आ रही है। इसके लिए पुलिस ने अन्य जिलों को जोड़ने वाली सड़कों पर नाका लगाकर वाहनों को चेक किया जा रहा है। बता दें कि नशे की बढ़ती मांग के चलते तस्कर सभी प्रकार के नशे की खेप की खेप सप्लाई कर रहे हैं। हरियाणा में पंजाब के अलावा दिल्ली और राजस्थान के रास्ते नशे की सप्लाई हो रही है।

2 जून को ही गाड़ी से गांजा के 280 किलो गांजे के 24 पैक्ट पकड़े थे। पुलिस के अनुसार हरियाणा में हेरोइन की सप्लाई मुख्य रूप से दिल्ली और पंजाब से हो रही है। अफीम और चूरापोस्त राजस्थान से आ रहा है और ओडिशा से गांजे की सप्लाई हो रही है।



### ये हुआ बरामद

पुलिस ने इस दौरान सख्त कार्रवाई करते हुए जिला में लगातार नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की। नाकाबंदी के दौरान व सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए अवैध शराब, नशीला पदार्थ, अवैध हथियार जब्त किए गए। इस दौरान 1 करोड़ 93 लाख 89 हजार 580 रुपए, करीब 6 लाख कीमत की 3184.65 लीटर शराब व 42 लाख से ज्यादा कीमत का 292 किलो 670 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया है।

### 42 गैर-लाइसेंसी हथियार, 9 मैग्जीन और 188 कारतूस जब्त

पुलिस ने कानून व्यवस्था की स्थिति को कायम रखने के लिए 12 स्थानों पर विशेष तौर से नाकाबंदी हुई है। इस दौरान 42 गैर-लाइसेंसी हथियार, 9 मैग्जीन और 188 कारतूस भी जब्त किए हैं। जिनकी कीमत करीब 18 लाख 87 हजार 300 रुपए है। एसपी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई।

### पुलिस का उद्देश्य नशे के खिलाफ हर परिवार को जागरुक करना: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस ने सोमवार को विभिन्न जगह पर जागरूक अभियान चलाया। पुलिस का मुख्य उद्देश्य हर घर में नशे के खिलाफ हर परिवार को जागरुक किया जा सके है। गांव, कस्बे में बसे परिवारों को एकत्रित कर नशे से होने वाली बीमारियों से अवगत कराय जा रहा है। यह जानकारी एसपी हिमांशु गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि नशे की और बढ़ने से सिर्फ स्वास्थ्य, धन व सामाजिक बुराइयों का उत्पन्न होना है। जिससे ज्यादातर परिवार को मुश्किल दौर से गुजरना पड़ता है। पुलिस की टीमों द्वारा रोहतक जिला के अंतर्गत आने वाली हर जगह पर जाकर आमजन को जागरुक किया जा रहा है। युवा पीढी को अखाडा, कोचिंग सेंटर, झुग्गी-झोपडी में रहने वाले व्यक्तियों आदि स्थानो पर जाकर नशे का सेवन ना करने बारे व नशे की रोकथाम के लिए जागरुक किया जा रहा है।

### पुलिस ने कसी कमर

पुलिस ने 16 मार्च से 10 जून तक कई करोड़ रुपये व नशीला पदार्थ जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने अन्य जिलों को जोड़ने वाली सड़कों पर नाका लगाकर वाहन चेकिंग की। नशा तस्करों के खिलाफ भी जोरशोर से अभियान जारी रहा।
-हिमांशु गर्ग, एसपी, रोहतक

# बाबा मस्तनाथ विवि में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स की शुरुआत एक महत्वपूर्ण कदम है जो एग्रीकल्चर क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। यह कोर्स भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानकों पर आधारित है और इसमें छात्रों को एक प्रगतिशील और अनुभवी पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री कोर्स सत्र 2024-25 से शुरू हो रहा है। यह कोर्स आठ सेमेस्टरों में विभाजित है, जिसमें हर सेमेस्टर में विभिन्न विषयों पर अध्ययन किया जाएगा। इस डिग्री के बाद सार्वजनिक, निजी, सरकारी व औद्योगिक क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते है। इसके अलावा ज्यादातर उन विद्यार्थियों द्वारा भी यह डिग्री हासिल करना महत्वपूर्ण है जो खेती, फसल उत्पादन, पशुधन प्रबंधन, टिकाऊ कृषि या कृषि व्यवसाय के जुनून के साथ कृषि क्षेत्र में अपना करियर बनाने में रुचि रखते है। नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स पाठ्यक्रम पर जोर दिया है इसके अलावा पाठ्यक्रम में कृषि को एक विषय के रूप में पेश करने के लिए नीति और योजना तथा छात्रों को कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में करियर तलाशने का विकल्प भी प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स डिग्री लेने के बाद कई उच्च पदों पर करियर बनाने के विभिन्न विकल्प होते हैं। यह डिग्री कृषि सेक्टर में विभिन्न भूमिकाओं के लिए तैयार करती है, डिग्री को लेने के बाद आप कृषि इंजीनियर, व्यवसाय विकास कार्यकारी, कृषि विकास अधिकारी (एडीओ), कृषि वैज्ञानिक, भूनिर्माण प्रबंधक, फसल परीक्षण अधिकारी जैसे उच्च पदों पर नौकरी लेकर अपना करियर बना सकते है। बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स कोर्स को करने के लिए विज्ञान स्ट्रीम की 12वीं कक्षा (मेडिकल-नॉन मेडिकल) पास करनी होगी। 12वीं के अंकों का कम से कम 50 प्रतिशत होना चाहिए। इन मानदंडों के पालन के बाद, बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स कोर्स में प्रवेश पा सकते हैं।

# स्लोगन में आशीष और पोस्टर मेकिंग में पुलकित रहे प्रथम

- राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत में एक सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम : सविता राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर के सातवें व आखिरी दिन की शुरुआत एनएसएस वालंटियर के इंटरेक्शन सेशन से हुई जिसमें सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अंजु पवार , डॉ. जितेंद्र राठी , डॉ. रेखा ढींगरा तथा डॉ विपिन सैनी ने अपने इनपुट्स दिए। तत्पश्चात समापन सत्र में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. सविता राठी मुख्य अतिथि रही तथा उन्होनें एनएसएस से जुड़ी हुई कुछ महत्वपूर्ण जानकारिया स्वयं सेवकों को दी तथा कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत में एक सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को सामुदायिक सेवा में शामिल करना है। इसका केंद्रीय विषय यह है कि उन्हें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को हमेशा अपने सामने रखना चाहिए।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सविता राठी

तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. सविता राठी को सभी एनएसएस अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट की । इसके बाद स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम के विजेताओं के नाम की घोषणा की गई तथा मुख्य अतिथि व सभी एनएसएस अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस सर्टिफिकेट वितरित किए गये। स्लोगन लेखन में आशीष यूआईटी से प्रथम, मीनाक्षी यादव गणित विभाग से द्वितीय तथा अमन यूआईईटी से तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पुलकित इंग्लिश विभाग से प्रथम ,टिंकू यूआईईटी से द्वितीय तथा नेहा इंग्लिश विभाग से तृतीया स्थान पर रहे। मंच संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजु पवार ने किया स्वागत भाषण डॉ. रेखा ढींगरा ने दिया और आभार प्रदर्शन डॉ विपिन सैनी ने किया।

# एक जुलाई से नए कानून होंगे लागू: एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित अधिकारियों व प्रभारी थाना-चौकी को पढ़ाए नए आपराधिक कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** राजपत्रित अधिकारियों व प्रभारी थाना की बैठक लेते हुए एसपी हिमांशु गर्ग ।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में राजपत्रित अधिकारियों व सभी प्रभारी थाना-चौकी के साथ बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी हिमांशु गर्ग ने की। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू होने वाले है। पुलिस द्वारा 1 जुलाई से नए आपराधिक कानूनों के तहत ही आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे तथा नए कानूनों के तहत ही कार्यवाही की जाएगी।

एसपी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को प्रभावी तरीके से लागू करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तीन नए कानूनों को सही तरीके से लागू करने के लिए सभी प्रभारी थाना अपने थानों में तैनात आईओ को बताए और उन्हें प्रशिक्षित करें। तीन नए कानून 1 जुलाई 2024 से लागू होंगे। नए कानूनों में कई नए अध्याय जोड़े गए है। पुलिस जांच के तरीके में भी काफी बदलाव किए गए है। पुलिस द्वारा सभी अनुसंधान अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में अवगत कराया गया है तथा समय-2 पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि रोहतक पुलिस द्वारा प्रभावी रूप से नए कानूनों को लागू किया जा सके। एसपी ने बताया कि सीआरपीसी में जहां कुल 484 धाराएं थीं, वहीं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। कुल 177 ऐसे प्रावधान हैं जिसमें संशोधन हुआ है। 9 नई धाराएं व कुल 39 उपधाराएं जोड़ी गई हैं और 14 धाराओं को निरस्त कर दिया गया है। बीएनएसएस, 2023 में सबूतों के मामले में ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक्स तरीके से जुटाए जाने वाले सबूतों को प्रमुखता दी गई है। नए कानून में किसी भी अपराध के लिए जेल में अधिकतम सजा काट चुके कैदियों को उसके निजी बांड पर रिहा करने का प्रावधान रखा गया है। वहीं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में कुल 170 धाराएं होंगी। एसपी ने बताया कि पहले इंडियन एविडेंस एक्ट के तहत कुल 167 धाराएं थी। 6 धाराओं को निरस्त किया गया है और 2 नई धाराएं व 6 उप धाराओं को जोड़ा गया है। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं और उसमें 20 नए अपराध को परिभाषित किया गया है। जिनमें स्नेचिंग से लेकर मॉब लिंचिंग शामिल किया गया है। साथ ही 33 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है। साथ ही 83 ऐसी धाराएं या अपराध हैं जिनमें जुर्माने की राशि भी बढ़ा दी गई है। ऐसे 23 अपराध हैं जिनमें न्यूनतम सजा का जिक्र नहीं था। जिसमें न्यूनतम सजा को शुरू किया गया है। 19 धाराएं ऐसी हैं जिन्हें हटा दिया गया है। साथ ही सजा के तौर पर सामाजिक व समुदायिक सेवा को भी रखा गया है। यह पहले नहीं था। राजद्रोह जैसे अपराध को अब नए कानून में हटा दिया गया। संहिता की धारा-113 में आतंकवाद से संबंधित परिभाषा और सजा का प्रावधान है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उप जिला न्यायवादी ममता राठी, उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया, विवेक कुंडु, राजीव कुमार, विद्यानंद, राकेश कुमार, विरेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 19 जून को होगी योग दिवस की फाइनल रिहर्सल

**रोहतक।** राजीव गांधी खेल परिसर के हॉकी मैदान में 19 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल होगी। इसी दिन सुबह 6 बजे योग मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर योग प्रशिक्षण शिविर कर प्रोटोकॉल के अनुसार योगासनों एवं प्राणायामों का प्रशिक्षण दिया गया है। 21 जून को खंड व जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यालय से सामान चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** चमारिया रोड स्थित हरियाणा विज्ञान मंच और भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यालय से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्व कॉर्डिनेटर सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हरियाणा विज्ञान मंच और भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यालय से रसोई गैस के दो सिलैंडर, एक इंवेंटर, एक एलईडी टीवी व कुछ अन्य छोटा सामान भी चोरी हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# शिक्षा में गुणवत्ता व सुधार के लिए सरकार अध्यापकों के तबादले करे: अशोक शर्मा

- अध्यापकों के तबादले में देरी से शिक्षा प्रणाली में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप सिंह सैनी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं प्रदेश मीडिया भूपेन्द्र मलिक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और सुचारू संचालन के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है। इस पॉलिसी का उद्देश्य शिक्षकों के तबादलों को पारदर्शी और कुशल बनाना है। इसके बावजूद, वर्तमान में अध्यापकों के तबादले में देरी हो रही है, जिससे शिक्षा प्रणाली में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर प्रदेश सरकार अभी तक कोई स्थिति साफ नहीं कर पाई है। जबकि गत सप्ताह ही प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते हुए तबादला नीति आदि पर विस्तृत चर्चा की थी। सलाह पदाधिकारियों ने सरकार ने मांग जल्द पूरी करने की बात कही।

### अधिकारी, शिक्षा मंत्री की सलाह संगठन से मीटिंग हो

शिक्षा विभाग में उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा मंत्री और सलाह संगठन की बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और स्कूल कैडर लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा ( सलाह) संगठन को शामिल किया जाए ताकि शिक्षकों की समस्याओं का समुचित समाधान किया जा सके और उनकी मांगों को पूरा किया जा सके। गुरदीप सैनी, अशोक शर्मा व भूपेंद्र मलिक ने से अपील की है कि अध्यापकों के तबादले, प्राचार्य पदोन्नति सूची और लैक्चरर के तबादलों से संबंधित सभी मांगों का समाधान तुरंत किया जाए। शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना आवश्यक है

### लेक्चरर के तबादले किए जाए

लेक्चरर के तबादलों में भी देरी हो रही है, जो न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि शिक्षण संस्थानों की कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत लैक्चरर के तबादले जल्द किए जाने चाहिए ताकि शिक्षा प्रणाली में स्थिरता बनी रहे।

### प्राचार्य पदोन्नति सूची जारी की जाए

उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रमोशन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। अनेक प्राचार्य पदों पर प्रमोशन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रमोशन सूची जारी न होने के कारण कई शिक्षकों की करियर प्रगति प्रभावित हो रही है। हरियाणा सरकार से अपील है कि जल्द से जल्द प्राचार्य पदोन्नति सूची जारी की जाए ताकि शिक्षकों को उनकी मेहनत और काबिलियत के अनुसार पदोन्नति मिल सके।

# कस्बे में बढ़ रही गंदगी, नहीं हो रही समय पर सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला



नगर पालिका की अनदेखी के कारण इन दिनों कस्बे में गंदगी बढ़ रही है। प्रशासन की ओर से सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं, लेकिन कर्मचारी कचरे के ढेर वहीं छोड़ रहे हैं। जिससे बदबू उठ रही है और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मेन बाजार, बस स्टैंड, रेलवे रोड, मंडी आदि क्षेत्रों में इन दिनों कचरे के ढेर लगे देखे जा सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन कर्मचारियों की निगरानी नहीं कर पा रहा है। सफाई कर्मचारी कचरे के ढेर को मौके पर ही छोड़ देते हैं। पालिका प्रशासन की ओर से कचरे को उठाने की सही व्यवस्था नहीं की गई है। बदबू की वजह से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कस्बा निवासियों का कहना है कि टैक्स देने के बाद भी कस्बे में नगर पालिका की तरफ से व्यवस्था नहीं की जा रही है। नगर पालिका का कहना है कि रूटीन में सफाई की जा रही है लेकिन अवकाश होने के कारण 2 दिन से सफाई नहीं हुई है।

